**KENDRIYA VIDYA LAYA SANGATHAN LUCKNOW REGION**

केन्द्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ संभाग

**CLASS-IX / कक्षा -नवीं सत्रांत परीक्षा - 2022-23**

**SUBJECT-SOCIAL SCIENCE (087) /** विषय - सामाजिक विज्ञानं (087)

**TIME ALLOWED -3 HOURS** **MAXIMUM MARKS-80**

**General Instructions:**

i. Question Paper comprises Six Sections-A, B, C, D, E and F. There are 37 questions in the Question Paper. All questions are compulsory.
**ii.** **Section A**- Questions from 1 **to 20** are MCQs of **1 mark.**
iii. **Section B**- Questions from **21 to 24** are Very Short Answer Type Questions, carrying **2 marks** each. Answer to each question should not exceed **40 words.**
iv. **Section C**- Questions from **25 to 29** are Short Answer Type Questions, carrying **3 marks** each. Answer to each question should not exceed **60 words**.
v. **Section D**- Questions from **30 to 33** are Long Answer Type Questions, carrying **5 marks** each. Answer to each question should not exceed **120 words**.
vi. **Section E** - Questions from **34 to 36** are Case Based Questions, with three sub questions and are of 4 **marks** each.
vii. **Section F-** Question No. **37** is Map Based, carrying 5 marks with two parts, **37 (a)** from **History (2 marks)** and **37 (b)** from **Geography (3 marks)**
viii. There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.
ix. In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.

**सामान्य निर्देश :**

i. प्रश्न पत्र में छह खंड शामिल हैं - ए, बी ,सी, डी, ई और एफ। प्रश्न पत्र में 37 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
ii. **खंड ए- प्रश्न 1 से 20 तक** । प्रत्येक **1 अंक** के **बहुवैकल्पिक** प्रश्न हैं।
iii. **खंड बी - प्रश्न 21 से 24 तक** अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के **2 अंक** हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।
iv. **खंड सी - प्रश्न 25 से 29 तक** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के **3 अंक** हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।
v. **खंड डी -** प्रश्न 30 से 33 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के लिए **5 अंक** हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।
vi. **खंड ई - प्रश्न 34 से 36 तक** तीन उप प्रश्नों के साथ **केस आधारित** प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **4 अंक** हैं
vii. **खंड एफ - प्रश्न संख्या 37_मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न** है, जिसमें दो भागों के साथ **5 अंक** हैं, इतिहास से **37 (ए) 2** अंक और भूगोल से **37 (बी) 3 अंक** के हैं।
viii. प्रश्न पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है, आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। कुछ प्रश्नों में, ऐसे प्रश्नों में से केवल एक विकल्प का प्रयाश करना है।
ix. इसके अलावा, जहाँ आवश्यकता है, प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ अलग - अलग निर्देश दिये गये हैं।

**SECTION A QUESTION 1 TO 20 (MCQS) 1 x 20 =20 Marks**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | What was Tithes? टाइद क्या था ?<br>(a) A tax levied by the church. चर्च द्वारा लगाया जाने वाला कर<br>(b) A tax levied by the king. राजा द्वारा लगाया जाने वाला कर<br>(c) Unit of currency in France. फ्रांस की मुद्रा की इकाई<br>(d) None of these. इनमें से कोई नहीं | **1** |
| **2.** | Collective Farms were known as/ सामूहिक खेतों को किस नाम से जाना जाता था ?<br>(a) Kulaks/ कुलक<br>(b) Junkers/ जंकर्स<br>(c) Kolkhoz/ कोलखोज<br>(d) None of the above./ उपरोक्त में से कोई नहीं | **1** |
| **3.** | Allied Powers in the World War II were../ द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र देश थे...... | **1** |

(a) Germany, Italy, Japan/ जर्मनी, इटली, जापान

(b) Germany, Italy, Turkey/ जर्मनी, इटली, तुर्की

(c) U.K., France, Italy/ यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, इटली

(d) U.K., France, USSR, U.S.A./ यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, सोवियत संघ, यु. एस. ए.

**4.** Birsa Munda belongs to / बिरसा मुंडा कहाँ के थे ?...... **1**

(a) Andhra Pradesh/ आन्ध्रप्रदेश

(b) Maharashtra/ महाराष्ट्र

(c) Kanger/ कंगर

(d) Chhota Nagpur/ छोटा नागपुर

**5.** The Easternmost longitude of India is/ भारत का सबसे पूर्वी देशांतर कौन सा है ? **1**

(a) $97^0 25'$ East/ $97^0 25'$ पूर्व

(b) $68^0 7'$ East/ $68^0 7'$ पूर्व

(c) $77^0 6'$ East/ $77^0 6'$ पूर्व

(d) $82^0 32'$ East/ $82^0 32'$ पूर्व

**6.** The Highest Peak in the Eastern Ghat is/ पूर्वी घाट का सर्वोच्च शिखर है ....... **1**

(a) Anai Mudi / अनाई मुड़ी

(b) Mahendra Giri/ महेंद्र गिरि

(c) Kanchanjunga/ कंचनजंगा

(d) Khasi/ खासी

**7.** The River Narmada has its source at/ नर्मदा नदी का उद्गम कहाँ से है ? **1**

(a) Satpura/ सतपुड़ा

(b) Amarkantak/ अमर कंटक

(c) Brahmagiri/ ब्रह्मगिरि

(d) Slopes of the Western Ghat/ पश्चिमी घाट के ढाल

**8.** Here are some of the guiding values of the constitution and their meaning. Rewrite them by matching them correctly. Match List- I with List- II and select the correct answer using the codes below in the lists. **1**

| LIST- I | LIST-II |
|---|---|
| 1.Sovereign<br>संप्रभु | (a) Government will not favour any religion<br>सरकार किसी धर्म के निर्देशों के अनुसार काम नहीं करेगी |
| 2. Republic<br>गणतन्त्र | (b) People have the supreme right to make decision.<br>फैसले लेने का सर्वोच्च अधिकार लोगों के पास |
| 3. Fraternity<br>बन्धुत्व | (c) Head of the State is an elected person.<br>शासन प्रमुख एक चुना हुआ व्यक्ति है |
| 4. Secular<br>धर्म निरपेक्ष | (d). People should live like brothers and sisters.<br>लोगों को आपस में परिवार कि तरह रहना चाहिए |

A. 1.b), 2.c) 3.d) 4. a)/ 1.बी), 2.सी), 3.डी), 4.ए)

B. 1.b), 2.c), 3.a), 4.d)/ 1.बी), 2.सी), 3.ए), 4.डी)

C. 1.d),2.b), 3.a), 4.c)/ 1.डी), 2.बी), 3.ए), 4.सी)

D. 1.a), 2.d)3.c), 4.b)/ 1.ए), 2.डी), 3.सी), 4.बी)

**9.** Which of the following freedoms is not available to an Indian citizen?/ इनमें से कौन सी स्वतन्त्रता भारतीय नागरिकों को नहीं है ? **1**

(a) Freedom to criticize the government./ सरकार की आलोचना की स्वतन्त्रता

(b) Freedom to participate in armed revolution./ सशस्त्र विद्रोह में भाग लेने की स्वतन्त्रता

(c) Freedom to start a movement to change the government./ सरकार बदलने के लिए आन्दोलन शुरू करने की स्वतन्त्रता

| | | |
|---|---|---|
| | (d) Freedom to oppose the central values of constitution/ संविधान के केन्द्रीय मूल्यों का विरोध करने की स्वतन्त्रता | |
| 10. | Which of these is not a good argument in favour of Democracy?<br>(a) People feel free and equal in a democracy.<br>(b) Democracies resolve conflict in a better way than others.<br>(c) Democratic government is more accountable to the people.<br>(d) Democracies are more prosperous than others.<br>इनमें से कौन सा तर्क लोकतंत्र के पक्ष में अच्छा नहीं है ?<br>(ए) लोकतंत्र में लोग खुद को स्वतंत्र और समान मानते हैं<br>(बी) लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ दूसरों की तुलना में टकराओं को अच्छी तरह सुलझाती हैं<br>(सी) लोकतांत्रिक सरकारें लोगों के प्रति ज्यादा उत्तरदायी होती हैं<br>(डी) लोकतांत्रिक देश दूसरों की तुलना में ज्यादा समृद्ध होतें हैं | 1 |
| 11. | Which of these was the most salient underlying conflict in turning of a democratic constitution in South Africa?<br>(a) Between South Africa and its neighbours.<br>(b) Between men and women.<br>(c) Between the White majority and the Black minority.<br>(d) Between the Coloured minority and and the Black majority.<br>दक्षिण अफ्रीका का लोकतान्त्रिक संविधान बनाने में इनमें से कौन स टकराव सबसे महत्वपूर्ण था ?<br>(ए) दक्षिण अफ्रीका और उसके पडोसी देश का<br>(बी) स्त्रियों और पुरुषों का<br>(सी) गोरे बहुसंख्यकों और अश्वेत अल्पसंख्यकों का<br>(डी) रंगीन चमड़ी वाले अल्पसंख्यकों और अश्वेत बहुसंख्यकों का | 1 |
| 12. | Assertion (A): The Prime Minister takes all decisions with the help of council of ministers.<br>Reason (R): He is the head of the government and actually exercises all governmental powers.<br>(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).<br>(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).<br>(c) Assertion (A) is true but Reason (R) is false.<br>(d) Both Assertion (A) and Reason (R) are false.<br>अभिकथन: (A) प्रधानमन्त्री सारे फैसले अपनी मंत्री परिषद् की सहायता से लेते हैं<br>कारण: ( R) वह सरकार का प्रमुख होता है और वास्तव में सभी सरकारी शक्तियों का प्रयोग करता है<br>(ए) कथन (ए) और कारण (आर) दोनों सत्य हैं और कारण: (आर), कथन (ए) का सही स्पष्टीकरण है<br>(बी) दोनों कथन(ए) और कारण(आर)दोनों सत्य हैं लेकिन कारण(आर),कथन(ए)का सही स्पष्टीकरण नहीं है<br>(सी) कथन (ए) सच है लेकिन कारण (आर) गलत है<br>(डी) दोनों कथन (ए) और कारण (आर) गलत हैं | 1 |
| 13. | Which of these is not a good reason to say that Indian elections are democratic?<br>(a) India has the largest number of voters in the world.<br>(b) India's Election Commission is very powerful.<br>(c) In India, everyone above the age of 18, has the right to vote.<br>(d) In India the losing parties accept the electoral verdict.<br>भारत के चुनाव लोकतान्त्रिक हैं , यह बताने के लिए इनमें कौन सा सही कारण नहीं देता।<br>(ए) भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा मतदाता हैं<br>(बी) भारत में चुनाव आयोग काफी शक्तिशाली है<br>(सी) भारत में 18 उम्र से अधिक उम्र का हर व्यक्ति मतदाता है<br>(डी) भारत में चुनाव हारने वाली पार्टियाँ जनादेश स्वीकार कर लेती हैं | 1 |
| | **14**. Factors of production include/ उत्पादन के कारक शामिल हैं **……**….<br>(a) Land/ भूमि (b) Labour / श्रम (c) Capital/ पूँजी (d) All of them/ इनमें से सभी | 1 |
| | **15.** The main production activity in the village Palampur is/ पालमपुर गाँव की मुख्य उत्पादन गतिविधि है।<br>(a) Fishing/ मत्स्य पालन (b) Farming / कृषि (c ) Retail Stores/फुटकर दूकान (d) Dairy Product/ दुग्ध उत्पादन | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **16.** Catching fish is a/ मछली पकड़ना है ……. <br>(a) Primary activity/ प्राथमिक क्रिया (b) Secondary activity/ द्वितीय क्रिया <br>(c) Tertiary activity/ तृतीय क्रिया (d) Trade activity/ व्यापार क्रिया | **1** |
| | **17. 'Sarva Shiksha Abhiyan'** provides elementary education to all children in the age group of/ सर्व शिक्षा अभियान 'किस आयु वर्ग के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करता है ? <br>(a) 5-10 years/5-10 वर्ष (b) 6-10 years/ 6-10 वर्ष <br>(c) 10-15 years/ 10-15 वर्ष (d) 6-14 years/ 6-14 वर्ष | **1** |
| | **18**. Who advocated that India would be truly independent only when the poorest of its people become free of human suffering?/ किसने इस बात की वकालत की कि भारतीय वास्तव में तभी स्वतंत्र होंगे जब इसके सबसे गरीब लोग मानवीय पीड़ा से मुक्त हो जायेंगे I <br>(a) Mahatma Gandhi/ महात्मा गाँधी (b) Indira Gandhi/ इन्दिरा गाँधी <br>(c ) Jawahar Lal Nehru/ जवाहर लाल नेहरू (d)Subhash Chandra Bose/ सुभाष चन्द्र बोस | **1** |
| | **19**. The most devastating famine of 1943 occurred in which state of India?/ 1943 का सबसे विनाशकारी अकाल भारत के किस राज्य में पड़ा I <br>(a) Odisha/ ओडिसा (b) Bengal./ बंगाल (c) Bihar/ बिहार (d) Rajasthan/ राजस्थान | **1** |
| | **20**. Seasonal hunger is commonly found in/'मौसमी भूखमरी' आमतौर पर पायी जाती है.. <br>(a) Urban areas/ शहरी क्षेत्र (b) Rural areas/ ग्रामीण क्षेत्र <br>(c) Tribal areas/ आदिवासी क्षेत्र (d) All the above/ इनमें से सभी | **1** |

## SECTION B

**QUESTION FROM 21 TO 24 (VERY SHORT ANSWER BASED QUESTIONS) 2X4=8 Marks**

| | | |
|---|---|---|
| **21** | Write two lists of democratic rights we enjoy today whose origins could be traced to the French Revolution. <br>उन दो जनवादी अधिकारों की सूची बनायें जो आज हमें मिले हुए हैं और जिनका उद्गम फ्रांसीसी क्रांति में है | **2** |
| **22** | What are the significant features of the National population Policy 2000? <br>राष्ट्रीय जनसँख्या नीति 2000 की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ? <br>**OR /अथवा** <br>Write two important features of Adolescent population./ किशोर जनसँख्या की दो मुख्य विशेषताएँ लिखिए I | **2** |
| **23.** | What is Democracy? Give example/ लोक तंत्र क्या है? उदाहरण सहित लिखिए I | **2** |
| **24.** | What are the different ways of increasing production on the same piece of land? <br>एक ही भूमि पर उत्पादन बढ़ने के कौन से अलग अलग तरीके हैं ? | **2** |

## SECTION C-

**QUESTIONS FROM 25 TO 29 (SHORT ANSWER BASED QUESTIONS) 3X 5 = 15 Marks**

| | | |
|---|---|---|
| **25.** | Give three reasons to explain why the Maasai Community lost their grazing lands. <br>मासाई समुदाय के चारागाह उससे क्यों छीन गए ? तीन कारण बताएँ I <br>**OR / अथवा** <br>Explain why Nomadic tribes need to move from one place to another. <br>घुमंतू समुदायों को बार बार एक जगह से दूसरी जगह क्यों जाना पड़ता है ? | **3** |
| **26.** | Mention the differences between the Himalayan and the Peninsular Rivers. <br>हिमालय तथा प्रायद्वीपीय नदियों के मुख्य अंतरों को स्पष्ट कीजिए I | **3** |
| **27.** | What do you understand by 'People as a resource '? <br>संसाधन के रूप में लोग ' से आप क्या समझते हैं ? | **3** |
| **28.** | Write Notes on:/ टिप्पणी लिखें I <br>(a) Minimum Support Price/ (ए) न्यूनतम समर्थित कीमत <br>(b) Buffer Stock/ बफर स्टॉक | **3** |
| **29.** | Why do we need elections?/ चुनावों की जरूरत क्यों है ? | **3** |

## SECTION D

**QUESTIONS FROM 30 TO 33 (LONG ANSWER BASED QUESTIONS) 5X4=20 Marks**

| | | |
|---|---|---|
| **30.** | What are the similarities between colonial management of the forests in Bastar and in Java?<br>बस्तर और जावा के औपनिवेशिक वन प्रबंधन में क्या समानताएं हैं ?<br>**OR/ अथवा**<br>Why are forests affected by wars?/युद्धों से जंगल क्यों प्रभावित होतें हैं ? | **5** |
| **31.** | Name the different types of vegetation found in India and describe the vegetation of high altitudes.<br>भारत में विभिन्न प्रकार की पाई जाने वाली वनस्पतियों के नाम बताएं और अधिक ऊँचाई पर पाई जाने वाली वनस्पति का वर्णन कीजिए ।<br>**OR / अथवा**<br>Why has India a rich heritage of flora and fauna?<br>भारत वनस्पति जगत तथा प्राणी जगत की धरोहर में धनी क्यों है ? | **5** |
| **32.** | What are the main reasons of poverty in India? भारत में गरीबी के मुख्य कारण क्या हैं ?<br>**OR / अथवा**<br>Describe current government strategy of poverty alleviation./निर्धनता उन्मूलन की वर्तमान सरकारी रणनीति को लिखें । | **5** |
| **33.** | Explain the major power of the President./राष्ट्रपति की शक्तियों का वर्णन कीजिए ।<br>**OR / अथवा**<br>Why do we need a Parliament?/ हमें संसद की आवश्यकता क्यों है ? | **5** |

**SECTION E**

**QUESTIONS FROM 34 TO 36 (CASE BASED QUESTIONS) 4 X 3 = 12 Marks**

| | | |
|---|---|---|
| **34.** | **Read the given text and answer the following questions.**<br>Nazi ideology was synonymous with Hitler's worldview. Hitler's racism borrowed from thinkers like Charles Darwin and Herbert Spencer. Darwin was a natural scientist who tried to explain the creation of plants and animals through the concept of evolution and natural selection. Herbert Spencer later added the idea of survival of the fittest. According to this idea, only those species survived on earth that could adapt themselves to changing climatic conditions. The other aspect of Hitler's ideology related to the geopolitical concept of Lebensraum, or living space. He believed that new territories had to be acquired for settlement.<br>(i) What was the main idea of Herbert Spencer?<br>(ii) How Darwin explained the creation of plants and animals.<br>(iii) What was the basis of Nazi policy of territorial expansion?<br>**दिये गये मूल पाठ को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।**<br>नात्सी विचारधारा हिटलर के विश्व दृष्टिकोण का पर्यायवाची थी । हिटलर की नस्ली सोच चार्ल्स डार्विन और हरबर्ट स्पेंसर जैसे विचारकों के सिद्धान्तों पर आधारित थी । डार्विन प्रकृति वैज्ञानिक थे, उन्होंने विकास और प्रकृति चयन की अवधारणा के जरिये पौधों और पशुओं की उत्पत्ति की व्याख्या का प्रयास किया था । बाद में हरबर्ट स्पेंसर ने 'अतिजीविता का सिद्धांत' **(Survival Of The Fittest )** जो सबसे योग्य है वही जिन्दा बचेगा, विचार दिया । इस विचार का मतलब यह था कि जो प्रजातियाँ बदलती हुई वातावरणीय परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाल सकती है, वही पृथ्वी पर जिन्दा रहती है ।हिटलर की विचार धारा का दूसरा पहलू लेबेन्स्राउम या जीवन परिधि की भू - राजनीतिक अवधारणा से सम्बंधित था । वह मानता था कि अपने लोगों को बसाने के लिए नए इलाओं पर कब्ज़ा करना जरुरी है ।<br>(i) हरबर्ट स्पेंसर का मुख्य विचार क्या था ?<br>(ii) डार्विन ने पौधों और पशुओं की उत्पत्ति की व्याख्या किस प्रकार की ?<br>(iii) नात्सी क्षेत्रीय विस्तार की नीति का आधार क्या था ? | **4** |
| **35.** | **Read the given text and answer the following questions.**<br>The inflow of the South –west monsoon into India brings about a total change in the weather. Early in the season, the windward side of the Western Ghats receives very heavy rain fall. The Deccan Plateau and parts of Madhya Pradesh also receive some amount of rain in spite of lying in the rain shadow area. Mawsynram in the southern range of the Khasi Hills receives the highest rainfall in the world. Rajasthan and parts of Gujrat get scanty rainfall.<br>(i) Which side of Western Ghats receives very heavy rainfall?<br>(ii) Where is Mawsynram situated?<br>(iii) What is meant by 'rain shadow area?<br>**दिये गये मूल पाठ को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।** | **4** |

दक्षिण - पश्चिम मानसून का भारत में अतर्वाह यहाँ के मौसम को पूरी तरह परिवर्तित कर देता है। मौसम के प्रारम्भ में पश्चिम घाट के पवनमुखी भागों में भारी वर्षा होती है। दक्कन का पठार एवं मध्यप्रदेश के कुछ भाग में भी वर्षा होती है। यदयपि ये क्षेत्र वृष्टि छाया क्षेत्र में आते हैं। खासी पहाड़ी के दक्षिणी श्रृंखलाओं में स्थित मासिनराम विश्व में सबसे अधिक वर्षा प्राप्त करता है। राजस्थान एवं गुजरात के कुछ भागों में बहुत कम वर्षा होती है।

(i) पश्चिम घाट के किस ओर अत्यधिक वर्षा होती है?

(ii) मासिनराम कहाँ स्थित है ?

(iii) वृष्टि छाया प्रदेश से क्या तात्पर्य है ?

**36.** **Read the given text and answer the following questions.** (1+1 +2)

The NHRC cannot by itself punish the guilty. That is the responsibility of courts. The NHRC is there o make independent and credible inquiry into any case of violation of human rights. It also inquires into any case of abetment of such violation or negligence in controlling it by any government officer and takes other general steps to promote human rights in the country. National Human Rights Commission stepped in. This is an independent commission set up by law in 1993. Like judiciary, the Commission is independent of the government. The Commission is appointed by the President and includes retired judges, officers and eminent citizens. Yet it does not have the burden of deciding court cases. So it can focus on helping the victim secure their human rights. These include all the rights granted to the citizens by the Constitution. For NHRC human rights also include the rights mentioned in the UN sponsored international treaties that India has signed.

(i) When was NHRC set up? (1)

(ii) How are the members of NHRC appointed?1)

(iii) In what type of activities in NHRC involved? (2)

**दिये गये मूल पाठ को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।**

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग खुद किसी को सजा नहीं दे सकता। यह जिम्मेदारी अदाल्रतों की है। आयोग का काम मानवाधिकार के उल्लंघन के किसी मामले में स्वतंत्र और विश्वसनीय जांच करना है।यह उन मामलों की भी जाँच करता है जहाँ ऐसे उल्लंघन में या इन्हें रोकने में सरकारी अधिकारियों पर उपेक्षा बरतने का आरोप हो। यह देश में मानवाधिकारों को बढ़ाने और उनके प्रति चेतना जगाने का काम भी करता है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने इस मामले में पहल की। यह 1993 में कानून के द्वारा बनाया गया एक स्वतंत्र आयोग है। न्याय पालिका की तरह आयोग भी सरकार से स्वतंत्र होतें हैं। आयोग की नियुक्ति राष्ट्र पति करते हैं और इसमें आमतौर पर सेवानिवृत्त जज, अधिकारी या प्रमुख नागरिकों को ही नियुक्त किया जाता है। किन्तु इस पर अदालती मामलों में फैसले देने का दायित्व या बोझ नहीं होता। सो यह पीड़ितों को उनके मानवादिकार दिलाने में मादा करने पर ही सारा ध्यान दे सकता है। इनमें संविधान प्रदत्त अधिकार भी शामिल हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के लिए अधिकारों की परिभाषा में संयुक्त राष्ट्र द्वारा कराई गई वे संधियाँ और अंतर्राष्ट्रीय घोषणाएँ भी शामिल हैं जिन पर भारत ने दस्तखत किये हैं।

(i) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की स्थापना कब हुई ? (1)

(ii) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कैसे होती है? (1)

(iii) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग किस प्रकार के कार्य क्रमों में संलग्न है ? (2)

## SECTION F-

## QUESTION NO. 37 MAP BASED QUESTION (2 (History) + 3 (Geography) = 5 marks)

**37.** 37 (a) Two places A and B have been marked on the given outline map of World. (2)
Identify them and write their correct name on the lines drawn near them. /विश्व के दिये गये रेखा मानचित्र पर दो स्थान (A) और (B) अंकित किये गये हैं उन्हें पहचानिए और उनके पास खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए। (2)

**During First World War/ प्रथम विश्व युद्ध के दौरान..**

A. One Central Power/ एक केन्द्रीय शक्ति राष्ट्र

B. One Allied Power/ एक मित्र राष्ट्र

37 (b) On the given Map of India ,locate and label any Three of them following with suitable symbols भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित में से तीन को उपर्युक्त चिन्हों से अंकित कीजिए और उन्हें नामांकित कीजिए (3)

(A) Lakshadweep/ लक्ष्यद्वीप

(B) Deccan Plateau/ दक्कन का पठार

(C) National Park Dudhwa/ दुधवा राष्ट्रीय पार्क

(D) Area of Evergreen Forests/ सदा बहार वन के क्षेत्र